impact
www.impactmeasurement.co.in

Yashobhoomi - Just Mumbai

Mumbai - Jun 05, 2017

Page No:	2	Type:	Supplement
Page Name:	n.a.	Language:	Hindi
Size:	49 sq. cm	Circulation:	100,203
AVE:	INR 17,294	Frequency:	Weekly

News monitored for: Lemon Tree Hotels
Title: Lemon Tree planning to open 15 hotels by FY19

लेमन ट्री होटल्स की १५ होटल खोलने की योजना

नई दिल्ली, हॉस्पिटैलिटी कंपनी लेमन ट्री होटल्स कंपनी की अगले वित्त वर्ष के आखिर तक देश भर में लगभग 15 होटल खोलने योजना है। लेमन ट्री होटल कंपनी के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने पीटीआई भाषा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, विस्तार योजना के तहत हमारी अगले वित्त वर्ष के आखिर तक भारत में 15 तक होटल खोलने की योजना है। इससे हमारे कमरों की संख्या 1,200 बढ़ेगा। कंपनी इस समय देश भर में 24 शहरों में 40 होटल चला रही है जिनकी क्षमता 4,300 कमरों की है। कंपनी सिलिगुड़ी, मुंबई, पटना, अमृतसर, गंगटोक, जम्मू, लखनउ, कोलकाता व कोयंबटूर सहित अन्य शहरों में नये हॉटल खोलना चाहती है। विस्तार योजना में निवेश के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने ब्योरा तो नहीं दिया लेकिन कहा कि नये होटल कंपनी स्वामित्व व प्रबंधित संपत्तियों दोनों में होंगे। उल्लेखनीय है कि कंपनी फिलहाल चार ब्रांड - लेमन ट्री प्रीमियर, लेमन ट्री रेजॉर्ट्स, लेमन ट्री होटल्स व रेड फाक्स होटल्स- में संपत्तियों का परिचालन करती है।

© Yashobhoomi - Just Mumbai